## हिंदी विश्वविद्यालय में मनाया पावस उत्सव
## वर्षा ऋतु आधारित नृत्य-गीतों ने बांधा समा

**वर्धा, 19 अगस्त 2025:** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 16 अगस्त को गालिस सभागार में पावस उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें वर्षा ऋतु पर आधारित नृत्य-गीत की प्रस्तुतियां दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा







ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में वर्धा जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन एवं वरिष्ठपुलिस अधिकारी श्रुति जैन की उपस्थिति रही। कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय में निरंतर गीत एवं संगीत से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन होना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिल सके। ऐसे आयोजनों से हमारी समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को विस्तार मिलता है। उन्होंने सभी कलाकारों को बधाई देते हुए उनके द्वारा प्रस्तुत गीत एवं नृत्य की प्रशंसा की। जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन एवं श्रुति जैन ने भी कलाकारों की एक से बढ़ कर एक प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। प्रास्ताविक वक्तव्य प्रदर्शनकारी कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश भारती ने दिया। इस अवसर पर डॉ. तेजस्वी एच.आर. ने राग दुर्गा व मियां मल्हार में भजन प्रस्तुत किये।

भोजपुरी कजरी, मिर्जापुरी कजरी, बघेलखंड, अवध एवं बुन्देलखंड के सावन गीत की प्रस्तुति शिल्पा सामशी, पूजा ठाकरे, ममता कुमारी, दिव्या कुमारी, वैष्णवीबोरजे, भूमित कुमारी, ऋतु कुमारी, प्रिया कुशवाहा, कपिल, बहादुरे, संजय कुमार, आशुतोष, गौरव शर्मा, जयकरण दान, उत्कर्षा सिंह, डॉ. हिमांशु नारायण, राहुल यादव व उत्कर्ष सहस्रबुद्धे ने दी। संध्याताई देशमुख ने महाराष्ट्र के सावन गीत प्रस्तुत किये। कजरी नृत्य वेदिका मिश्रा, प्रिया सिंह, खुशी लोधी, अंशिमा मौर्या, पूजा पाढ़ी,कुमारी रिया एवं बिशमा देवी ने प्रस्तुत किया। बुंदेलखंडी कजरी नृत्य शिया, अंशिमा मौर्या,कृति कुमारी, नूतन कुमारी, सेजल ढोले एवं रुद्राणी समुद्रे ने प्रस्तुत किया। अरे रामा कृष्ण बने मनिहारी गीत पर उत्कर्षा सिंह, सेजल ढोले, रुद्राणी समुद्रे, नंदिनी कुमारी एवं कृति कुमारी ने नृत्यप्रस्तुत किया। राजस्थानी चौमासा नृत्य वेदिका मिश्रा, प्रिया सिंह, खुशी लोधी, पूजा पाढी, कुमारी रिया एवं बिशमा देवी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में तबला पर जीवन बांगड़े तथा हार्मोनियम पर अजय गलांडे ने साथ संगत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओम प्रकाश भारती एवं उत्कर्ष सहस्रबुद्धे ने किया तथा प्रदर्शनकारी कला विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. विधु खरे ने आभार माना। इस अवसर पर साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार, डॉ. सतीश पावडे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

---

### हिंदी विश्वविद्यालयात पावस उत्सव साजरा
### वर्षा ऋतूवर आधारित नृत्य–गीतांचे सादरीकरण

**वर्धा, 19 ऑगस्ट 2025:** महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात 16 ऑगस्ट रोजी गालिस सभागृहात पावस उत्सवाचे आयोजन करण्यात आले. यावेळी वर्षा ऋतु वर आधारित नृत्य-गीतांचे सादरीकरण करण्यात आले. कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी कुलगुरु प्रो. कुमुद शर्मा होत्या तर विशिष्ट अतिथी म्हणून वर्धा जिल्हा पोलिस अधीक्षक अनुराग जैन व वरिष्ठ पोलिस अधिकारी श्रुती जैन यांची उपस्थिती होती. यावेळी कुलगुरु म्हणाल्या की विश्वविद्यालयात निरंतर गीत व संगीताशी संबंधित कार्यक्रम व्हायला पाहिजे जेणेकरुन विद्यार्थ्यांना त्यांच्यातील प्रतिभांचे सादरीकरण करण्याची संधी मिळेल. यातून समृद्ध सांस्कृतिक ओळख प्रदर्शित करता येईल, त्यांनी कलाकारांचे अभिनंदन करत त्यांची प्रशंसा केली. पोलिस अधीक्षक अनुराग जैन व श्रुती जैन यांनीही कलाकारांची प्रशंसा केली. कार्यक्रमाची सुरुवात दीप प्रज्ज्वलनाने करण्यात आली. प्रास्ताविक प्रदर्शनकारी कला विभागाचे अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश भारती यांनी केले. यावेळी डॉ. तेजस्वी एच.आर. यांनी राग दुर्गा व मियां मल्हार मध्ये भजन सादर केले.

भोजपुरी कजरी, मिर्जापुरी कजरी, बघेलखंड, अवध व बुन्देलखंडचे श्रावण गीत शिल्पा सामशी, पूजा ठाकरे, ममता कुमारी, दिव्या कुमारी, वैष्णवीबोरजे, भूमित कुमारी, ऋतु कुमारी, प्रिया कुशवाहा, कपिल, बहादुरे, संजय कुमार, आशुतोष, गौरव शर्मा, जयकरण दान, उत्कर्षा सिंह, डॉ. हिमांशु नारायण, राहुल यादव व उत्कर्ष सहस्रबुद्धे यांनी सादर केले. संध्याताई देशमुख यांनी महाराष्ट्राचे श्रावण गीत सादर केले. कजरी नृत्य वेदिका मिश्रा, प्रिया सिंह, खुशी लोधी, अंशिमा मौर्या, पूजा पाढ़ी,कुमारी रिया व बिशमा देवी यांनी तर बुंदेलखंडी कजरी नृत्य शिया, अंशिमा मौर्या,कृति कुमारी, नूतन कुमारी, सेजल ढोले एवं रुद्राणी समुद्रे यांनी सादर केले. अरे रामा कृष्ण बने मनिहारी गीत उत्कर्षा सिंह, सेजल ढोले, रुद्राणी समुद्रे, नंदिनी कुमारी व कृती कुमारी यांनी सादर केले. राजस्थानी चौमासा नृत्य

वेदिका मिश्रा, प्रिया सिंह, खुशी लोधी, पूजा पाढी, कुमारी रिया व बिशमा देवी यांनी सादर केले. याप्रसंगी तबल्यावर जीवन बांगडे यांनी तर हार्मोनियमवर अजय गलांडे यांनी साथ संगत केली. कार्यक्रमाचे संचालन डॉ. ओम प्रकाश भारती व उत्कर्ष सहस्रबुद्धे यांनी केले तर प्रदर्शनकारी कला विभागाच्या सहायक प्रोफेसर डॉ. विधु खरे यांनी आभार मानले. यावेळी साहित्य विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार, प्रदर्शनकारी कला विभागाचे सहायक प्रोफेसर डॉ. सतीश पावडे यांच्यासह मोठया संख्येने विद्यार्थी उपस्थित होते.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305